मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

संपादक : छोटेलाल शर्मा

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2020-2022 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY

वर्ष - 10 अंक - 12 मुंबई, सोमवार, दिनांक 19 से 25 दिसंबर 2022 पृष्ठ : 4 कीमत : 3 /- रुपये

## महाराष्ट्र की राजनीति में फिर भूचाल...

### भाजपा ने कर दी फडणवीस को सीएम बनाने की मांग

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर से बड़ा भूचाल आने की आहट है। यहां मुख्यमंत्री की कुर्सी पर कोई एक व्यक्ति टिक नहीं पा रहा है। सबसे पहले यहां भाजपा के साथ चुनाव लड़कर शिवसेना ने मुख्यमंत्री पद की लालच में अघाड़ी महागठबंधन के साथ सरकार बना ली थी। मगर उद्धव ठाकरे ज्यादा समय तक सीएम नहीं रह सके। उन्हीं की पार्टी के बड़े नेता एकनाथ शिंदे 40 से अधिक शिवसेना के विधायकों को तोड़कर भाजपा के समर्थन से नई सरकार बना ली। अब एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के सीएम हैं। वहीं भाजपा की सरकार में पूर्व सीएम रहे देवेंद्र फडणवीस एकनाथ शिंदे सरकरा में डिप्टी सीएम बनकर संतोष की बाट जोह रहे हैं। मगर अब भाजपा के एक नेता ने देवेंद्र फडणवीस को महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनाने की मांग कर दी है। इससे सियासत के गलियारे में चचाओं का माहौल गर्म हो गया है।



भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने रविवार को कहा कि जब तक वह पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष हैं, तब तक राज्य के समग्र विकास के लिये उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री बनना चाहिए। बावनकुले का यह बयान उनके पूर्ववर्ती चंद्रकांत पाटिल के उस बयान के कुछ महीने बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि पार्टी ने भारी मन से फडणवीस के बजाय शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाने का फैसला किया था। चंद्रकांत पाटिल फिलहाल शिंदे नीत सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। बावनकुले की टिप्पणी से विपक्षी दलों को मसाला मिल गया है और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (रांकपा) के मुताबिक यह दशार्ता है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नजर में वर्तमान मुख्यमंत्री शिंदे का कोई महत्व नहीं है।

#### भाजपा नेता बयान से बदली सियासत की हवा

नागपुर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाजपा नेता बावनकुले ने कहाकि जब तक मैं भाजपा की राज्य इकाई का अध्यक्ष हूं, फडणवीस को सीएम बनना चाहिए। इसके बाद उन्होंने ...लेकिन कहकर वाक्य को अधूरा छोड़ दिया और इसके बाद थोड़ा रुक गये। दर्शकों में से कई लोगों की ओर से शब्द 'मुख्यमंत्री' का शोर मचाने पर बावनकुले ने अपना भाषण जारी रखते हुए कहा, ''हम सभी को इस तरीके से काम करने की आवश्यकता है कि उन्हें (फडणवीस) मुख्यमंत्री पद मिल जाए।

## मुंबई में 70 हजार मौत के खुले मैनहोल

### सिर्फ 4,000 पर सुरक्षा जाली, कोर्ट की फटकार के बाद भी बेपरवाह BMC



**मुंबई:** मुंबई में करीब 70 हजार मैनहोल खुले पड़े हैं। यह बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। मुंबई में 74,682 मैनहोल हैं, इसमें से 3,920 पर ही सुरक्षा जाली लगाई गई है। बाकी खुले पड़े हैं। पिछले दिनों ही हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए बीएमसी को फटकार लगाई थी। कोर्ट ने कहा था कि मुंबई में किसी के साथ भी खुले मैनहोल के कारण यदि अप्रिय घटना घटती है, तो इसके लिए बीएमसी जिम्मेदार होगी। इसके बावजूद बीएमसी ने अब तक कोई ऐसा ठोस कदम नहीं उठाया है, जिससे सभी मैनहोल को सुरक्षा जालियों से कवर किया जा सके। बीएमसी के उपायुक्त उल्हास महाले ने कहा है कि बीएमसी के 2014 के नियमानुसार मैनहोल पर सुरक्षा जाली लगाने की जिम्मेदारी वॉर्डों की है। इस संबंध में वॉर्डों को सूचित किया है। सुरक्षा जाली लगाने के लिए कार्रवाई तेज की जाएगी। 2017 में बारिश के दौरान एलफिंस्टन रोड स्टेशन के सामने खुले मैनहोल में गिरकर डॉ.अमरापुरकर की मौत हो गई थी। उनका शव बाद में वर्ली में बरामद हुआ था। इसके बाद बीएमसी ने जांच कर मुंबई में सभी मैनहोल पर सुरक्षा जाली लगाने की मुहिम शुरू की थी, लेकिन 5 साल बाद भी सभी मैनहोल पर सुरक्षा जाली नहीं लग पाई है।

बारिश के दौरान बीएमसी ने अपील की थी कि तेजी से पानी निकालने के लिए लोग मैनहोल के ढक्कन न खोलें। ऐसा करने वालों के खिलाफ बीएमसी ने कार्रवाई करने की चेतावनी दी थी। महाले ने कहा कि पानी को जल्दी निकालने के लिए बीएमसी कर्मचारी स्वयं पास खड़े रहते हैं, जिससे कोई हादसा न हो। कई जगह पानी निकालने के लिए स्थानीय लोग खुद ही ढक्कन निकाल देते हैं, लेकिन दोबारा नहीं रखते हैं, जो दुर्घटना का कारण बनता है।

## महिला ने ऊंची इमारत से कूदकर की आत्महत्या



**मुंबई :** मुंबई के अंधेरी वेस्ट में 25 वर्षीय महिला ने एक ऊंची इमारत से कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। यह जानकारी पुलिस ने रविवार को दी। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि यह घटना शनिवार देर रात डीएन नगर थाना क्षेत्र में हुई। उन्होंने कहा, ''वह इमारत की आठवीं मंजिल से कूद गई और एक खड़ी कार के ऊपर जा गिरी। परिसर के चौकीदार ने निवासियों और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पास के एक अस्पताल में पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।''

## दो दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन




**सीखड़ :** १३ दिसम्बर को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान आर जी एस ए के अंतर्गत क्षेत्र पंचायत सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण खंड विकास कार्यालय सभागार कक्ष में आयोजित किया गया था । दूसरे दिन समापन के अवसर पर ब्लॉक प्रमुख श्री सत्येन्द्र कुमार सिंह ने अपने संबोधन में सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों में जोश भरते हुए उन्हें प्रशिक्षण में सीखे हुए सभी बिंदुओं को अपने पंचायत में जाकर निष्ठा पूर्वक काम करने को प्रोत्साहित किया ।प्रमुख जी ने सदस्यों को कभी भी किसी कार्य के लिए उनकी मदद लेने का उनका संकल्प बताया ।साथ में ए डी ओ पंचायत वरिष्ठ फैकेल्टी डीपीआरसी भदोही के कन्हैया दुबे उपस्थित रहे । राज्य प्रशिक्षक राम कृष्ण पाठक ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों को आत्मनिर्भर गांव,महिला हितैषी गांव व स्वस्थ गांव के बारे में प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षक शुभ्रा पांडेय व रेखा मौर्या ने बाल हितैषी गांव,जल युक्त गांव, हरा भरा गांव, स्वच्छ व सुंदर गांव आदि के बारे में विस्तार से बताया। प्रशिक्षण मे सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

## मुंबई में नहीं थम रहा खसरा का प्रकोप

### संक्रमण के कारण पांच महीने के मासूम की मौत

**मुंबई :** मुंबई में खसरा का प्रकोप थमने का नाम ही नहीं ले रहा है. आए दिन नए-नए मामले सामने आ रहे हैं. गोवंडी में पांच महीने के बच्चे की खसरा से मौत होने की पुष्टि हुई. अब तक मुंबई में खसरा संक्रमण से मौतों की संख्या 9 पहुंच गई. बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के अधिकारी ने बताया कि अब तक मरने वालों की संख्या 475 हो गई. शुक्रवार को शहर में पांच मौतें भी हुई हैं, हालांकि अभी तक खसरा संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है. अधिकारी के अनुसार, पांच माह के बच्चे की 13 दिसंबर को गोवंडी इलाके में मौत हुई थी जिसकी शुक्रवार को रिपोर्ट आई. इस रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हुई कि मासूम की मौत खसरा की वजह से हुई है. शुक्रवार को ही 37 बच्चों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया और 26 को छुट्टी दे दी गई. जिन 26 बच्चों को अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया है उनपर निगरानी रखी जा रही है. फिलहाल वह बिल्कुल स्वस्थ हैं.



**GOVERNMENT OF MAHARASHATRA**

**Executive Engineer Central Mumbai Electrical Division P.W.D.Worli, Mumbai**

**TENDER NOTICE NO. 23/ 2022-23**

Online tender in B1 form are invited by Executive Engineer Central Mumbai P.W.D. Electrical Division Mumbai from Experienced Contractor. Blank tender and detail tender notice are available on site http://mahapwd.gov.in. It can be downloaded from 19.12.2022 to 26.12.2022 upto 05.30 PM. and bid opening will be on 29.12.2022 after 11.00 Am (if possible)

**Note:** There is 02 tender in the above tender notice details tender notice is available on the notice board of office of Ex. Engineer Central Mumbai P.W.D. Electrical Division, Worli Mumbai

**(Estimated Cost Of The Work 3.00 to 10.00 Lakhs)**

OW/No-EE/CMED/TENDER/2926 /2022
Dt. 13/12/2022

-sd-
**Executive Engineer**
**Central Mumbai Electrical**
**Division P.W.D.Worli,Mumbai**

Executive Engineer
Central Mumbai Elec. Divn,
P.W.D. Mumbai - 18a

डीजीआयपीआर आरओसी - २०२२-२३ क्र-५/C४७९९

## ब्लॉक मुख्यालय पर कंबल वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**सीखड :** दिसम्बर को विकास खण्ड के प्रांगण मे प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशन पर ठण्ड से राहत देने के लिए तहसील प्रशासन चुनार द्वारा मुख्य अतिथि चुनार विधायक अनुराग सिंह के कर कमलों द्वारा दिव्यांग,असहाय लाभार्थियों को कम्बल वितरण किया गया । विधायक जी का स्वागत चुनार तहसीलदार नूपुर सिंह, नायब तहसीलदार ज्योति सिंह, खण्ड विकास अधिकारी शिव पूजन भारतीया, संयुक्त खण्ड विकास अधिकारी के.



के.सिंह द्वारा माल्यार्पण करके किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष प्रमोद पाण्डेय द्वारा किया गया । प्रमुख छत्रपति सत्येन्द्र सिंह और जिला उपाध्यक्ष रवीन्द्र नरायण सिंह ने वर्तमान सरकार की उपलब्धियाँ का बखान किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कम्बल वितरण कार्यक्रम को योगी सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धी बताया । कार्यक्रम का संचालन मण्डल महामंत्री आनंद शर्मा ने किया। इस अवसर पर एडीओ पंचायत प्रदीप सिंह, जेई. एमाई उमा शंकर पटेल, नायक का निगो तारकेश्वर मिश्रा परगना कृयात के सभी लेखपाल, विजय नरायण राय,शिवेन्द्र सिंह, विनोद सिंह ,धीरज त्रिपाठी,विजय भारद्वाज, शिवप्रताप दुबे,अरविन्द सिंह,खैरा चौकी चुनार थाना के पुलिस प्रशासन एवं तहसील प्रशासन के कर्मचारी विकास एवं पंचायत विभाग के कर्मचारी सहित काफी संख्या में असहाय गरीब परिवार के ग्रामीण जनता उपस्थित रही।

## संपादकीय

# जानलेवा सफाई...

इक्कीसवीं सदी में यह शर्मनाक स्थिति है कि तमाम वैज्ञानिक-तकनीकी उन्नति के बावजूद बीते पांच सालों में सीवर व सैप्टिक टैंकों की सफाई के दौरान चार सौ अनमोल जिंदगियां हमने गवां दीं। इस साल भी 48 लोगों के मरने की बात कही जा रही है। निस्संदेह, इसके मूल में जहां तंत्र की विफलता निहित है, वहीं समाज की संवेदनहीनता भी है। विडंबना है कि स्थानीय निकाय और सफाई करवाने वाले लोग इस दौरान मरने वाले सफाई कर्मियों के आश्रितों के पुनर्वास की जवाबदेही से मुक्त रहते हैं। निस्संदेह, ऐसी मौतें बेहद कष्टकारी हैं और विसंगति के समाज के मुंह पर तमाचा है। हाल ही में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले ने जब यह जानकारी लोकसभा में दी तो सूचना कई सवालों को जन्म दे गई। ये आंकड़े हमारे विकास के थोथे दावों की हकीकत बताते हैं। आखिर क्यों कुछ लोग अपने परिवार के भरण-पोषण के लिये अपना जीवन दांव पर लगाते हैं। आखिर खतरे की आशंका के बावजूद क्यों वे अपना जीवन जोखिम में डालने को बाध्य हैं। क्यों हम ऐसी तकनीकों का प्रयोग नहीं कर पाये जो सफाई कर्मियों को चेता सकें कि सीवर या सैप्टिक टैंक में जहरीली गैस विद्यमान है। क्यों सफाई कर्मी पर्याप्त सुरक्षा व जीवन रक्षा उपकरणों के न होने के बावजूद मौत के कुओं में उतरते हैं। कई बार खतरे में फंसे व्यक्ति को बचाने के प्रयास में कई लोग जान गवां बैठते हैं। यदि समय रहते बचाव व राहत के उपाय अमल में लाये जाएं तो कई जानें बचायी जा सकती हैं। निस्संदेह, यह राहत की बात है कि लंबे सामाजिक आंदोलनों व कतिपय राजनेताओं की सार्थक पहल के बाद देश हाथ से मैला ढोने के कलंक से मुक्त हो पाया है। दरअसल, हाथ से मैला ढोने के रोजगार निषेध और पुनर्वास अधिनियम 2013 के अमल में आने से इसे रोका जा सका है। इसके बावजूद यह प्रश्न परेशान करता है कि क्यों आज भी लाखों लोग सैप्टिक टैंकों व सीवर की सफाई के जोखिम भरे कार्य को करने के लिये बाध्य हैं।

दूसरी ओर केंद्र सरकार दावा कर रही है कि मैला ढोने की प्रथा को समाप्त करने के बाद, श्रमिकों के पुनर्वास के लिये स्वरोजगार योजना के तहत वर्ष 2021-22 में 39 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। साथ ही यह भी कि इन हादसों में मरने वाले श्रमिकों के अधिकांश परिवारों को मुआवजा भी दिया गया है। इसके बावजूद जरूरी है कि सफाई कर्मियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाये ताकि भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न हो। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को फटकार लगाते हुए सीवर लाइन व सैप्टिक टैंकों में उतरने वाले सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा मास्क व ऑक्सीजन सिलेंडर जैसे सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने को कहा था। ताकि जहरीली गैस होने पर उनके प्राणों की रक्षा की जा सके। साथ ही जरूरी है कि समाज से असमानता को दूर करते हुए सफाई कर्मियों के मानवाधिकारों की रक्षा भी की जाए। यह व्यवस्था कर्म प्रधान होनी चाहिए। इस चुनौतीपूर्ण काम करने वालों को पर्याप्त वेतन और सुविधाएं भी दी जानी चाहिए। ताकि वे गरिमापूर्ण ढंग से अपने कार्य को अंजाम दे सकें। ऐसा नहीं होना चाहिए कि समाज में सफाई जैसे महत्वपूर्ण कार्य करने वालों को हेय दृष्टि से देखा जाये। सही मायनों में यह वर्ग संरक्षण का हकदार है। जिससे इनके बच्चों की बेहतर परवरिश व पढ़ाई हो सके।

# फर्जी ट्वीट का खुलासा होने में 15-20 दिन क्यों लगे?

## पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे का कर्नाटक सीएम पर हमला



**मुंबई :** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के फर्जी ट्वीट मामले को लेकर शिवसेना पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे ने हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पिछले 15-20 दिनों से यह मामला गूंज रहा है, मुख्यमंत्री का ट्विटर अकाउंट हैक हुआ तो इसकी जांच होगी, लेकिन इसका खुलासा होने में इतना वक्त क्यों लगा? दिल्ली में बैठक होने से पहले यह खुलासा क्यों नहीं किया गया।

विधानसभा में विपक्ष के नेता अजित पवार के सरकारी आवास देवगिरी पर महाविकास आघाड़ी के नेताओं की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए ठाकरे ने कहा कि बुधवार को हुई दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक में नया कुछ नहीं हुआ। सीमा विवाद पिछले 15 से 20 दिनों से गूंज रहा था तो कर्नाटक के मुख्यमंत्री का ट्विटर अकाउंट हैक हो गया, यह खुलासा करने में इतने दिन क्यों लग गए? सीमा इलाके में पुलिस कार्रवाई क्यों हुई? सीमा विवाद को लेकर दोनों राज्य कुछ नहीं करें, यह सलाह नई नहीं है। जब-जब सवाल उठे, कर्नाटक का पक्ष लिया गया, महाराष्ट्र का नहीं। बेलगाम में अधिवेशन लेने की घोषणा क्यों की गई? सरकार को महाराष्ट्र के प्रति प्रेम है या नहीं, इसका उत्तर कौन देगा।

महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद को लेकर बुधवार को राजधानी नई दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के बीच बैठक हुई। इस दौरान बोम्मई के नाम से महाराष्ट्र के संबंध में किए गए विवादित ट्वीट का मामला उठा। इस पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने सफाई दी कि यह उनका ट्विटर अकाउंट नहीं है। इस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**महाराष्ट्र का पक्ष रखें हरीश साल्वे: अजित पवार**

विधानसभा में विपक्ष के नेता अजित पवार ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से मांग की है कि सीमा विवाद को लेकर सुप्रीम कोर्ट में महाराष्ट्र का पक्ष मजबूती से रखने के लिए वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे को नियुक्ति किया जाए। उन्होंने कहा कि बुधवार को विनियोग बिल को लेकर चर्चा के दौरान उन्होंने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से यह मांग की। फडणवीस ने कहा कि वे खुद हरीश साल्वे से बात करेंगे। अजित पवार ने इस बारे में मुख्यमंत्री को एक भी पत्र लिखा है। पवार ने कहा कि कर्नाटक का पक्ष मुकुल रोहतगी रख रहे हैं, इसलिए महाराष्ट्र की तरफ से विदर्भ के पुत्र हरीश साल्वे की नियुक्ति होनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री का ट्विटर अकाउंट हैक हो गया और उन्हें पता ही नहीं चला। उन्हें महाराष्ट्र के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। हमारी गाड़ियों में तोड़फोड़ की जाती है, यह हम चलने नहीं देंगे।

### अभी तक हल्ला बोल मोर्चा को अनुमति नहीं...

**महापुरुषों का अपमान, महंगाई और बढ़ती बेरोजगारी के विरोध में महाविकास आघाड़ी 17 दिसंबर को मुंबई में हल्ला बोल मोर्चा निकालने जा रही है। हालांकि अभी तक पुलिस ने मोर्चा निकालने की अनुमति नहीं दी है। अजित पवार ने कहा कि अभी अनुमति नहीं मिली है, लेकिन पूरा भरोसा है कि हमें अनुमति मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि यह मोर्चा शांतिपूर्ण तरीके से निकाला जाएगा। इसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के अलावा कई एनजीओ इसमें शामिल होंगे। उन्होंने आम नागरिकों से मोर्चे में भाग लेने की अपील की।**

# महाराष्ट्र विधानसभा का शीतकालीन सत्र ...

## अजित पवार ने सरकार के इस आमंत्रण को ठुकराया



**मुंबई :** महाराष्ट्र में शिंदे सरकार और महाविकास अघाड़ी के बीच छिड़ा घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है. महाविकास अघाड़ी के नेता विभिन्न मुद्दों को लेकर सरकार पर लगातार निशाना साधा रहे हैं. ऐसे में अब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अजित पवार ने विधानसभा सत्र के पहले होने वाली महाराष्ट्र सरकार की चाय पार्टी के आमंत्रण को ठुकरा दिया है. साथ ही पवार ने महाराष्ट्र की विभिन्न हस्तियों के अपमान और कर्नाटक से सीमा विवाद के मुद्दे पर राज्य सरकार को घेरा है. माना जा रहा है कि महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा सत्र हंगामेदार हो सकता है. महाराष्ट्र विधानसभा का शीतकालीन सत्र सोमवार से नागपुर में शुरू होने जा रहा है. अजित पवार ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने हमें चाय पार्टी के लिए आमंत्रित किया है लेकिन हम इस निमंत्रण का बहिष्कार कर रहे हैं. बता दें कि इस तरह का आयोजन महाराष्ट्र विधानसभा के हर सत्र से पहले होता है. इसके साथ ही उन्होंने एक बार फिर महाराष्ट्र की हस्तियों के अपमान का मामला उठाया और कहा कि कोई माफी मांगने को भी तैयार ही नहीं हैं. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने एक दिन पहले 'हल्ला बोल' मार्च में महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के बयानों को लेकर उन्हें हटाने की मांग की थी.

अजित पवार ने महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद का मुद्दा भी उठाया. उन्होंने कहा कि बेलगाम, करवार, निपानी को महाराष्ट्र में शामिल किया जाना चाहिए, लेकिन महाराष्ट्र के कई शहर अब इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि क्या उन्हें कर्नाटक में जाना चाहिए, महाराष्ट्र के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ.

साथ ही उन्होंने कई परियोजनाओं के दूसरे राज्यों में जाने को लेकर भी शिंदे सरकार पर निशाना साधा है. अजित पवार ने कहा कि महाराष्ट्र की कई परियोजनाओं को अब दूसरे राज्यों में स्थानांतरित कर दिया गया है. इन परियोजनाओं से लाखों लोगों को रोजगार मिलता और करोड़ों का राजस्व प्राप्त होता. राज्य सरकार को केंद्र में जाकर इसके लिए लड़ना चाहिए था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया.

### सांसद नवनीत राणा और उनके पति रवि राणा की जमानत कोर्ट ने की रद्द, लटकी गिरफ्तारी की तलवार...



**मुंबई :** महाराष्ट्र से मिली एक बड़ी खबर के अनुसार, सांसद नवनीत राणा और उनके पति विधायक रवि राणा की मुंबई के स्पेशल कोर्ट ने जमानत रद्द कर दी है। वहीं अन्य मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्हें दरअसल बीते शनिवार को ही कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया गया था। जिसके बाद कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। जान लें कि, उनके खिलाफ गिरफ्तारी का विरोध करने और पुलिसकर्मियों को उनकी ड्यूटी करने से रोकने का आरोप लगा था। वहीं स्पेशल कोर्ट के जज ने उन्हें मामले में सहयोग करने के भी साफ निर्देश दिए हैं। जानकारी दें कि, इस साल बीते अप्रैल में भी मुंबई पुलिस ने कथित रूप से कई समूहों के बीच दुश्मनी पैदा करने के आरोप में राणा और उनके पति को गिरफ्तार किया था।

# मुंबई में पब्लिक टॉयलेट इस्तेमाल करने की वजह से हुआ झगड़ा...

## चाकूबाजी और मारपीट में एक की मौत




**मुंबई :** मुंबई के दादर इलाके से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां मामूली बात पर एक शख्स को मौत के घाट उतर दिया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया हुआ और मामले की आगे की जांच शुरू कर दी है। माटुंगा पुलिस के मुताबिक, पब्लिक टॉयलेट की देखरेख करने वाले आरोपी ने कथित रूप से उपयोग शुल्क नहीं देने पर एक शख्स की हत्या कर दी। हालांकि हत्या से पहले दोनों में झगड़ा होने की बात सामने आई है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना बुधवार की रात को मध्य मुंबई के दादर इलाके में एक बस स्टैंड के पास बने पब्लिक टॉयलेट में हुई।

मृतक की पहचान राहुल पवार के तौर पर हुई है। आरोप है कि राहुल पवार ने पब्लिक टॉयलेट का उपयोग किया और बिना इस्तेमाल के पैसे दिए वापस जाने लगा। इस बीच पब्लिक टॉयलेट की देखरेख करने वाले आरोपी विश्वजीत ने पवार को रोककर पैसे मांगे। जिसके बाद पवार भड़क गया और दोनों में कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते बात मारपीट तक आ गई। कथित रूप से पवार ने विश्वजीत पर चाकू से हमला किया, और तभी उसने पवार के सिर पर डंडे से वॉर कर दिया। जिससे पवार के सिर पर गंभीर चोटे आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# 'साधुओं को कांग्रेस से कैसे जोड़ें'...राहुल के सवाल पर सीकर के संत ने दिया सम्मेलन बुलाने का सुझाव...



कांग्रेस नेता राहुल गांधी की राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा का रविवार को 14 वां दिन है जहां यात्रा एक दिन के ब्रेक के बाद से फिर शुरू हो गई है. यात्रा की शुरूआत दौसा के सिकराय में काला खो गांव से हुई है जहां राहुल गांधी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की और इस दौरान वह हिंदू धर्म के कुछ गुरुओं से चर्चा करते भी नजर आए. यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने सीकर के संत नेकी महाराज से मुलाकात की और दोनों के बीच करीब 25 मिनट की लंबी मुलाकात चली. बताया जा रहा है कि कि राहुल गांधी ने संत से धार्मिक मामलों को लेकर गहन चर्चा की और संत से पूछा कि 'साधु संतों को कांग्रेस से कैसे जोड़ा जाए'. वहीं इस पर संत ने जवाब में कहा कि एक साधु-संतों का बड़ा सम्मेलन करवाना चाहिए. वहीं राहुल की यात्रा से जुड़ने पर संत ने कहा कि वह राहुल गांधी के विचारों से प्रभावित होकर यात्रा में शामिल होने आए हैं.

# भारत फिर से बनेगा जगद्गुरु - स्वामी हरि चैतन्य पुरी

**मुंबई :** श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी हरि चैतन्य पुरी ने कहा कि भारत फिर से जगद्गुरु के पद पर प्रतिष्ठापित होगा। गोरेगांव ( पश्चिम ) स्थित आई. बी. पटेल स्कूल ग्राउंड में आयोजित विराट धर्म सम्मेलन में भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विभिन्न आक्रमणकारी हमारे देश से सोना, चांदी, हीरे, जवाहरात, कोहिनूर जैसे खजाने लूटकर ले गए, लेकिन अध्यात्म ज्ञान अभी भी हमारे मनीषियों के मस्तिष्क में है। उसका व्यवसाय बनाकर नहीं बल्कि निस्वार्थ भाव से चंद लोग भी एकजुट होकर प्रचार प्रसार करने में जुट जाएं तो भारत फिर से जगद्गुरु बनेगा।

उन्होंने कहा कि धर्म विज्ञान सम्मत है ढकोसला नहीं। लोगों ने अपने तुच्छ स्वार्थों के लिए उसे ढकोसला बनाने का प्रयास किया है। धर्म और विज्ञान एक दूसरे के पूरक कहने में अतिशयोक्ति नहीं होगी। धर्म से विज्ञान दूर होने पर ही ढोंग, पाखंड, अंधविश्वास, रूढ़िवादिता को प्रवेश मिलता है तथा विज्ञान से भी धर्म दूर होने पर ही ऐसा धर्म विहीन विज्ञान विकास का नहीं विनाश का कारण बनता है। हरि चैतन्य पुरी ने कहा कि संपूर्ण विश्व आज युद्ध की संभावनाओं के यंत्रणा काल से गुजर रहा है। हम सभी समस्त प्रकार की संकीर्णताओं और मतभेदों को त्यागकर आपसी प्रेम, एकता, सद्भाव व सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखें। विश्व शांति के अग्रदूत हमारे प्यारे भारत वर्ष में आज अशांति दुर्भाग्यपूर्ण व चिंता का विषय है। हम अशांति के घटक ना बने, शांति का साम्राज्य स्थापित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे ,यहां शांति होगी व यही से एक बार फिर से शांति का संदेश सारी दुनिया में भारत की पवित्र धरा से ही पहुंचेगा। हमारा प्यारा भारत जगद्गुरु रहा है, आज कमियां भारत में नहीं हम भारतवासियों में आयी है, विचारपूर्वक उन्हें दूर करें। पड़ोसी राष्ट्र को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि पाक को अपने नापाक इरादे बदलने चाहिए। भारत को आतंक के साये में पिछले कई दशक से

## गोरेगांव में विराट धर्म सम्मेलन का आयोजन...



अघोषित युद्ध की स्थिति में झोंक रखा है। आए दिन होने वाली घुसपैठ, आतंकवादी हमले, आतंकवादी ट्रेनिंग कैंप चलाकर सैनिकों के साथ बर्बरतापूर्ण व्यवहार करके अमानवीयता की सारी हदें तोड़ रखी है। पाक इन नापाक हरकतों से बाज आए वरना हमेशा की तरह मुंह की खानी पड़ेगी। चीन को भी आगाह करते हुए कहा कि यह भारत वर्ष तब का भारत वर्ष नहीं। आज हमारी सैन्य शक्ति दुनिया में बहुत मजबूत है। हमने कभी युद्ध नहीं चाहा, हम पर हमेशा युद्ध थोपे गए। भारत सर्वे भवन्तु सुखिनः व विश्व बंधुत्व का भाव रखता है, पृथ्वी ही नहीं संपूर्ण ब्रह्मांड में शांति चाहता है।

स्वामी हरि चैतन्य पुरी ने कहा कि भारत जैसे पवित्र राष्ट्र में जहां श्रीराम, श्रीकृष्ण जैसे अवतारों ने गाय की सेवा व पूजा करके महिमा प्रतिष्ठापित की हो, वहां गायों की दुर्दशा व गौहत्या शर्मनाक है, जिस पर पूर्ण प्रतिबंध लगना चाहिये। जिस देश में वर्ष में दो बार नवरात्रि व विभिन्न मांगलिक अवसरों पर कन्या पूजन किया जाता हो, वहां कन्या भ्रूण हत्या जैसा जघन्य अपराध निंदनीय व शर्मनाक है। घटता हुआ लिंग अनुपात भविष्य के लिए चिंता का विषय है व कन्या भ्रूण हत्या के विरुद्ध कठोर कानून बनने चाहिए तथा समाज में जागृति पैदा करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा आज लोग अधिकारों के लिए जागरूक हुए है अच्छी बात है लेकिन राष्ट्र व समाज के लिए अपने कर्तव्यों को भी पहचानें व पालन करें तो और भी अच्छा होगा। समाज की विभिन्न जटिलतम समस्याओं का राजनीतिकरण न करके आपसी प्रेम मेलजोल व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सुलझाने का प्रयास करें।

उन्होने कहा कि हर प्रकार की संकीर्णताओं व मतभेदों को त्याग कर आपसी प्रेम,एकता व सद्भाव बनाए रखें। अशांत व्यक्ति को कहीं सुख नहीं मिल सकता। इसलिए जीवन में शांति को जीवन में प्रमुखता से स्थान दें। परिवार ,नगर, राष्ट्र में व समाज में शांति का साम्राज्य स्थापित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। अपने जीवन को राष्ट्रीयता, मानवता, प्रेम भक्ति से व परोपकार से परिपूर्ण बनाएं। अंधविश्वास, कुरीतियों और बुराइयों, गंदे व्यसनों, वैर, विरोध राग,द्वेष, ईर्ष्या, अन्याय ,विकारों से रहित अपना जीवन बनाएं। पाश्चात्य सभ्यता का अंधानुकरण त्याग कर देश की अमूल्य व महान संस्कृति के महत्व को समझकर अपने जीवन में उतारेंअपने धाराप्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध व भाव विभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा व 'श्री गुरु महाराज' 'कामां के कन्हैया' व 'लाठी वाले भैया' की जय जयकार से गूंज उठा। धर्म सम्मेलन समारोह में पूर्व राज्यमंत्री विधायक विद्या ठाकुर, भाजपा महाराष्ट्र उपाध्यक्ष जयप्रकाश ठाकुर, पूर्व उपमहापौर दिलीप पटेल, मुंबई भाजपा उपाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी, अधिवक्ता ज्ञानमूर्ति शर्मा, नगरसेविका संगीता शर्मा, नगरसेवक दीपक ठाकुर, नगरसेवक संदीप पटेल व जितेंद्र सिंह आदि इस अवसर पर उपस्थित रहे।


राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचारपत्र

**कदम कदम पर**

RNI No.:MAHHIN/2014/55126

संरक्षक

**जे.पी.शर्मा**

संपादक

**छोटेलाल शर्मा**

मो.:०९८१९८६२१७२

प्रबंध संपादक

**अनिल शर्मा**

मो.:०९८३३३२९७२१

उप संपादक

**श्रीमती कंचन यादव**

**(फैजाबाद, यू.पी.)**

**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**

**राजन शर्मा (उप संपादक)**

**आर्थिक सलाहकार**

**सतीशचंद्र गुप्ता**

**पंकज (बबलू) यादव**

प्रतिनिधि

**अवनीश कुमार मिश्र**

**(उत्तर प्रदेश मुख्य संवाददाता)**

**सौरभ उमेशप्रताप सिंह**

**राजेश कुमार शर्मा**

साज सज्जा :

**संतोष तिवारी**

(९७६८३६२०९१)

कानूनी सलाहकार

**एड. बी. एम. शर्मा**

**एड. आर. आर. शर्मा**

**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**

(मो.: ९४५२७९१५७०)

(न्याय क्षेत्र मुंबई)

सभी पद अवैतनिक हैं।

वाट्स एप नं. : ९८३३२३५०६३

Email : kadamkadampar1@gmail.com पत्रिका में प्रकाशित सभी आलेख और समाचार लेखकों की अपनी राय है। इससे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।


# पहचानिये: कौन अपना- कौन पराया

## अरुणिमा मिश्रा,सचिव, आश्रयनिष्ठा वेलफेयर सोसायटी बिलासपुर छत्तीसगढ़

कोई आपसे यह प्रश्न करे कि दुनिया में कौन अपना, कौन पराया तो आप शायद यही उत्तर देंगे कि जो अपने सगे-संबंधी हैं, रिश्तेदार हैं, वे अपने हैं, अन्य सभी पराये। लेकिन प्रश्न की गहराई में प्रवेश करने पर आप पाएंगे कि यह उत्तर केवल भावनात्मक है। यदि ऐसा होता तो रामबाबू आज वृद्धाश्रम में क्यों शरण लेते? आपको रामबाबू के विषय में बता दें। दो कमाऊ पूतों के पिता हैं। लड़कों को अच्छी शिक्षा दिलाई। आज अच्छी नौकरी में हैं। सेवानिवृत्ति के बाद उनके लिए मकान बनवा दिया, उनकी शादियां कर दीं। शादियों के बाद ही उन पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा। लड़कों के नजरिए में बदलाव आया। हालात यहां तक बिगड़े कि रामबाबू को घर त्यागकर वृद्धाश्रम में आश्रय लेना पड़ा। क्या रामबाबू उन लड़कों को अपना कह सकते हैं, जिन्होंने अपने वृद्ध पिता को घर से निकलने पर बाध्य किया?

श्याम बाबू ने अपनी लड़की की शादी में अपने साधन संपन्न भाइयों से जब आर्थिक मदद चाही तो सबने मुंह फेर लिया। उन्हें अपनी रकम डूबने का अंदेशा था। ऐसे आड़े वक्त पर उनके एक मित्र ने उनकी आर्थिक मदद की। श्याम बाबू आज भी उनके कर्जदार हैं। उनकी ये हैसियत ही नहीं कि कर्ज चुका सकें। उनके मित्र भी इस तथ्य से अवगत हैं। श्याम बाबू उनसे मिलते हैं तो शर्मिंदगी महसूस करते हैं, लेकिन उनके मित्र ने आज तक रकम के लिए तगादा नहीं किया। मित्र की लड़की याने अपनी लड़की। इसी भावना से उन्होंने मदद की। अब



कौन अपना हुआ, कौन पराया? क्या वे भाई जिन्होंने वक्त पर भाई की मदद नहीं की या वे मित्र जो आड़े समय पर काम आए। दहेज के लिए बहू भी तो अपने सास, ससुर, ननद द्वारा ही जलाई जा रही है। क्या ये उसकेअपने हो सकते हैं?

कुछ दिन पूर्व एक समाचार पत्र में कुष्ठ रोगियों के बारे में पढ़ा। सुनीता नाम की कुष्ठ रोगी को उसके पति ने घर से निकाल दिया। वह मायके आई तो पिता ने भी उसे रखने से मना कर दिया। आज सुनीता अपनी बच्ची के साथ कुष्ठ आश्रम में है। सुनीता की बच्ची को भी यह रोग लगने की आशंका है। अठारह साल के समारू को भी कुष्ठ रोग होने का जब पता चला तो उसके भाइयों ने उसे घर छोड़ कर जाने को कहा। मां ने भी मुंह फेर लिया। अपने हिस्से की जमीन मांगने पर भाइयों ने मारने को कुल्हाड़ी उठा ली। कहा, कुष्ठ पापी को होता है। पापी को हिस्सा देने से देवी नाराज हो जाएगी। आज समारू भीख मांगकर अपनी गुजर कर रहा है।

ऐसे कुछ उदाहरण देने का तात्पर्य यही है कि केवल सगा-संबंधी होने से कोई अपना नहीं हो जाता, न ही सगा-संबंधी न होने से कोई पराया। लोगों का कटु अनुभव यही रहा है कि कठिन समय में उनकी मदद तथाकथित परायों ने ही की, तथाकथित अपने रिश्तेदारों, सगे संबंधियों ने नहीं। अपना होने के लिए अपनत्व एक अनिवार्य शर्त है। यदि भाई, बहन, मां-बाप होकर भी आप सगे संबंधी के दुखदर्द में उसका साथ नहीं देते तो आपको अपना कहलाने का क्या अधिकार है? क्या ऐसा अधिकार उस व्यक्ति को नहीं है जो अपने मित्र के संकट की घड़ी में उसका साथ देता है, उसकी मदद करता है। उसके दुखदर्द को अपना समझकर खुद भी दुखी होता है। अतः अपना और पराया की जो व्याख्या आजकल की जाती है, वह भ्रामक है। जो अपना भाई-बहन, मां -बाप हो, वह आवश्यक नहीं की वास्तव में अपना हो। अपना पराया की परख आपत्ति में ही होती है। ऐसे में भी जो हमारा साथ दे, वह अपना बाकी पराए। यही अपना-पराया की सार्थक परिभाषा है।

# चार दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन।



**मीरजापुर :** बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा जिला विकास भवन सभागार कक्ष में जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी बर्मा की दिशा निर्देशन में सपोर्टिव सुपरविजन हेतु सहयोग एप्लीकेशन का चार दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ जिसमें जनपद के सभी परियोजनाओं के बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं मुख्य सेविका प्रशिक्षण में प्रतिभाग की। प्रशिक्षक सीडीपीओ विमलेश कुमार पाल ,युपी टीएसयू के जिला विशेषज्ञ दुर्गेश कुमार मिश्रा ने बताया की सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का इस ऐप के माध्यम से सपोर्टिव सुपरविजन तथा यथा स्थिति की जानकारी ली जाएगी ताकि उनकी सेवाओं में गुणात्मक सुधार सहयोगात्मक रूप से किया जा सके एप्लीकेशन के के माध्यम से ब्लॉक तथा जिला और प्रदेश स्तर पर अलग-अलग ड्रेस बोर्ड पर सभी केंद्रों का प्रगति की समीक्षा लगातार की जाएगी जिसमें ग्रामीण परिवेश में निचले स्तर पर कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सही जानकारी अपने सुपरवाइजर के साथ साझा करेंगी और सुपरवाइजर उनके साथ सहयोगात्मक रूप से पर्यवेक्षण करके उन जानकारियों को उसमें भरेंगे उनकी सेवाओं में गुणात्मक सुधार किया जा सके जाएगा और इससे आंगनबाड़ी के कार्य व्यवहार में गुणात्मक सुधार होगा उनके कार्य करने में सरलता भी मिलेगी आंगनबाड़ी । प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीडीपीओ ज्योतीमा सिंह, इन्दलता पाठक ,शशी मुख्य सेविका कुसुमलता राय सहित समस्त प्रभारी सीडीपीओ एवं मुख्य सेविका प्रतिभाग कर प्रशिक्षण प्राप्त किया।




**महानुभाव आश्रम लासुर्गांव के महंत आदरणीय श्री रामचंद्र बाबा** beedkar, **आमदार प्रा रमेशजी बोनार्रे, राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निर्मुलन कमिटी के औरंगाबाद विभागीय प्रमुख श्री संजय जी तिखे पाटील, महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन अध्यक्ष अशोक पवार** khandalkar



**शिरूर महाराष्ट्र में श्री दीपक जी** phuldale **के निवास पर,**stoar **पर नाशिक सेन ट्रस्ट मंडल उपाध्यक्ष दीपक जी चंद्रकांत जी निर्वाण, नारायणी सेना संगठन प्रदेश अध्यक्ष अशोक पवार का सम्मान करते हुए सेन समाज के जेष्ठ मार्गदर्शक दीपक जी** phuldale, **कल्पेश** phuldale **आदी मान्यवर**

# पुर्व नगरसेवक बी के तिवारी के जन्म दिवस पर बधाई



**मुंबई :** कांग्रेस के पुर्व नगरसेवक बी के तिवारी के जन्म दिवस पर समारोह का आयोजन उनके ला ब शास्त्री मार्ग, मुलुंड प.पर किया गया। इस अवसर पर गोविंद सिंह (उपाध्यक्ष मुंबई कांग्रेस),वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ.बाबुलाल सिंह, डॉ.आर.आर.सिंह, रमेश(टोनी) अग्रवाल, किशोर मुंडेकल(सचिव मुंबई कांग्रेस), उत्तम गीते (कार्याध्यक्ष ईशान्य मुंबई कांग्रेस), उत्तर भारतीय सेल महाराष्ट्र कांग्रेस के महासचिव डॉ.सचिन सिंह,दयाशंकर सिंह, सचिव बबिता गुप्ता,ओमप्रकाश मिश्रा, शरीफ खान (अध्यक्ष समता हॉकर्स युनियन),कैलाश पाटील,राजेश इंगले,भरत सोनी, राजन भोसले, चंदु भानुशाली , प्रिंसिपल उपाध्याय, तिवारी जी, नीता जोशी (अध्यक्ष मुलुंड महिला कांग्रेस) ,कौशल्या गायकवाड, अल्का सावला, विठ्ठल सातपुते, संतोष सोनावणे, हरीशगुप्ता, प्रभाकर कांबले, रामदुलार सिंह, रईस खान, विपुल गोगरी, रामनाथ लोहार, भगवान गीते, धर्मेश सोनी,संजय दूबे,जगदीश शर्मा,अनिल सिंह, मनोज संसारे,पीटर मोजेस सहित कई गणमान्य लोगों ने शाल एवम पुष्प गुच्छ भेंट कर, केक काट कर शुभ कामनायें प्रदान किया।




राष्ट्रीय संगठन श्री नारायणी सेना के मध्य प्रदेश अध्यक्ष Ad.सुनील जी वर्मा का कार्य सभी क्षेत्रों में अभिनंदनीय, अनुकरणीय, वंदनीय हैं। लोग जोड़ने की उनकी खुबिया सराहनीय हैं। अशोक पवार- अध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन, सभी मान्यवर पदाधिकारी, महाराष्ट्र।।

# भिखारी ठाकुर की जयंती बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाई...



ऑल इंडिया महापदमनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन प्रयागराज मंडल के बैनर तले आज दिनांक 18 दिसंबर 2022 को यमुना विहार अपार्टमेंट, नैनी , प्रयागराज में भोजपुरी के शेक्सपियर, बिहार गौरव , लोक कलाकार, पद्मश्री भिखारी ठाकुर की जयंती बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई ' पद्मश्री भिखारी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई ' इस अवसर पर नंदवंशी श्री आदित्य नारायण सेन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, अक्टउएअ ,वढ द्वारा भिखारी ठाकुर जी के जीवन के विभिन्न पहलुओं व रचनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया ' भिखारी ठाकुर की बड़ी बहन श्रीमती रामेश्वरा देवी के पोते आदरणीय श्री राम दास राही द्वारा रचित पुस्तक ह्य भिखारी ठाकुर- कुतुबपुर से कुतुबपुर ह्य में वर्णित भिखारी ठाकुर जी के जीवन के कुछ अनछुये वर्णित पहलुओं पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला । अन्य उपस्थित वक्ताओं ने भी भिखारी ठाकुर को नमन करते हुये उनके जीवन-वृत्त पर अपनी बातें रखीं । इस जयंती समारोह की अध्यक्षता डॉ0 लक्ष्मीकांत शर्मा, मंडल अध्यक्ष, अक्टउएअ, प्रयागराज ने की क श्री दिनेश चन्द्र वर्मा मंडल उपाध्यक्ष AIMCEA, श्री धर्मेंद्र कुमार शर्मा करछना तहसील अध्यक्ष अक्टउएअ, श्री बृजेश कुमार करछना तहसील सचिव AIMCEA, श्री सुरेशचंद्र शर्मा, श्री लाल बहादुर शर्मा एडवोकेट, श्री गिरिजा शंकर शर्मा (राजू), श्री संतोष कुमार शर्मा, श्री समर बहादुर शर्मा, श्री रामचंद्र सेन, श्री सानिध्य शर्मा, श्री सक्षम शर्मा व श्रीमती सरिता शर्मा ने श्री भिखारी ठाकुर जी को श्रद्धांजलि देते हुए उनके बारे में विस्तार से जानकारी दी ' 'इसके पश्चात दिनांक 24, 25 दिसंबर 2022 को रामपुर जनपद के तहसील मिलक में आयोजित राज्य अधिवेशन व संगठन की आगामी कार्ययोजनाओं के बारे में भी चर्चा की गई .




दिनांक 16 दिसंबर 2022 दिन शुक्रवार को वाराणसी मंडल स्थित 74 मछली शहर लोक सभा सुरक्षित सीट मे गंगा पैलेस निकट रोडवेज बस अड्डा पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता इंद्रजीत शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष एमसीए ने किया तथा मुख्य अतिथि श्री रामेश्वर ठाकुर एडवोकेट पटना हाई कोर्ट एवं सामाजिक न्याय आंदोलन के टी के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर ने विस्तारपूर्वक लोगों अपने अधिकार के प्रति जागरूक किया बैठक ऑल इंडिया फेडरेशन सामाजिक न्याय आंदोलन केटी तथा सोशल रिवॉल्यूशन एलाइंस और अति पिछड़ा समाज महासभा के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न की गई बैठक में बाबू रामपाल विशिष्ट अतिथि रूप में गोष्ठी को संबोधित किया तथा एमसीए के जिला अध्यक्ष जौनपुर सुरेंद्र कुमार शर्मा एवं पप्पू शर्मा प्रधान संयुक्त रूप से गोष्ठी में आए हुए आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किए गोष्टी में भाई लाल पाल भोजपुरी बिरहा गायक अजय पाल अखिलेंद्र प्रताप गुलाब सोनकर मुकुंद लाल शर्मा जितेंद्र श्रीनाथ शर्मा आदि लोगों उपस्थित रहे अंत में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को उत्तर प्रदेश में लखनऊ के बड़े मैदान पर बुलाने का गोष्ठी में चर्चा किया गया उपरोक्त आए हुए अतिथि गणों का कार्यक्रम प्रभारी अमरेश ठाकुर ने सब का आभार प्रकट करते हुए प्रदेश के सभी मंडलों में सुरक्षित सीटों पर विचार गोष्ठी करने का आग्रह किया '

भारतीय डाक
India Post

**DEPARTMENT OF POSTS, INDIA**
**O/o SSPOs, MUMBAI NORTH EAST DIVISION, BHANDUP (E), MUMBAI – 400 042**
☎022-25667388 e-Mail:domumbainortheast.mh@indiapost.gov.in

No.DNE/12/Chunabhatti PO/2022-2023 Dated : 12/12/2022.

**NOTICE FOR RENTED ACCOMMODATION**

The Sr. Supdt. Of Post Offices, Mumbai North East Division, Bhandup(E), Mumbai-400042 on behalf of the President of India invites sealed application from the prominent person, Trusts or Builders for providing accommodation for housing Chunabhatti Post Office, Mumbai-400022 on a rental basis for an area approximately 650 Sq.ft. The interested persons, Trusts, or Builders may send their applications describing the area, terms & conditions (if available) addressed to the Sr. Superintendent of Post Offices, Mumbai North East Division in a sealed cover. The premises should be a building or a part of a building on lease/rent with carpet/ floor area ranging from 650 sq. ft. (Approx.) for Chunabhatti Post Office. A slight variation in the required space may be accepted. The building should be suitable for the operation of the Post Office with the counter arrangement and back office operations. Preferably, nearby Chunabhatti Railway station locality.

Along with the application, a sketch map of the building, NOC from Tahsildar/ Gram Panchayat, a copy of 7/12 Uttara, and papers showing separate Electricity & Water meter in the name of the applicant should be attached. The last date for receipt of applications completed in all respect is 11.01.2023 up to 15.00 hrs. The applications will be opened on 11.01.2023 at 16.00 hrs . in presence of such applicants who wish to remain present at the Office of Sr. Supdt. of Post Offices, Mumbai North East Division, Bhandup(E), Mumbai-400042. The undersigned reserves the right to reject any or all applications without any reason.

For further enquiry about the terms & conditions, please contact the office of the Sr. Supdt. of Post Offices, Mumbai North East Division, Bhandup(E), Mumbai-400042 ( Phone no.022-25667388) on Monday to Friday between 10 .00 AM to 5.00 PM.

Sd/-
Sr.Supdt. Of Post Offices
Mumbai North East Division
Bhandup (E), Mumbai – 400 042.

# मुंबई पुलिस की बड़ी कार्रवाई...!

## तीन ड्रग्स तस्करों को दबोचा

## 135 लाख की ड्रग्स बरामद



**मुंबई :** मुंबई पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने दो अलग-अलग मामलों में तीन ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है. मुंबई पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल की वर्ली यूनिट ने मझगांव इलाके से एक नाइजीरियाई ड्रग पेडलर को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से एमडी और मेथामफेटामाइन ड्रग्स जब्त किया है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 35.30 लाख रुपये आंकी गई है. पुलिस ने ड्रग पेडलर पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है. ड्रग तस्करी का एक दूसरा मामला मुंबई के बांद्रा से सामने आया है. मुंबई पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल की बांद्रा यूनिट ने दो ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 500 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की है जिसकी कीमत 1 करोड़ रुपए बताई जा रही है.

# क्या धर्म परिवर्तन को लेकर नया बिल लाने की तैयारी में है शिंदे-बीजेपी सरकार?



### 13 सदस्यीय समिति गठित

**इस मसले को लेकर शिंदे सरकार में महिला और बाल विकास मंत्री मगंल प्रभात लोढ़ा ने 13 सदस्यीय समिति का गठन भी कर दिया है. इससे पहले एक सर्कुलर जारी कर अंतरजातीय विवाह को भी इस कटेगरी में शामिल किया था, लेकिन बाद में उसे केवल दूसरे धर्म में विवाह तक सीमित कर दिया गया.**

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के पालघर निवासी श्रद्धा वालकर की हत्या के बाद से दूसरे धर्म में शादी करने को लेकर प्रदेश सरकार इस मसले को लेकर काफी गंभीर है. माना जा रहा है कि बीजेपी समर्थित शिंदे सरकार धर्म परिवर्तन के आधार पर शादी को लेकर नया बिल लाने की तैयार में जुटी है. वर्तमान में इस बात की चर्चा इसलिए है कि महाराष्ट्र सरकार ने एक सर्कुलर जारी किया है. सर्कुलर के कहा गया है कि जिन लड़कियों ने दूसरे धर्म में शादी की है, उनके परिवारों से संपर्क किया जाएगा. इस बात को लेकर सरकार की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है. महाराष्ट्र सरकार के इस फैसले के बाद जहां विपक्षी दलों के नेताओं ने सरकार पर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाया है. विपक्ष का आरोप है कि सरकार की नजर बीएमसी चुनाव पर है. वर्तमान सरकार केवल एक विचारधारा को फैलाने की कोशिश कर रही है. वहीं, बीजेपी विधायक अतुल भटखलकर ने कहा कि श्रद्धा वालकर जैसे कई मामले सामने आने के बाद इस समिति का गठन किया गया है.

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादक: छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com